## कलेक्टर ने 40 अधिकारियों को दिया वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 अगस्त, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले 40 अधिकारियों को एक वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस दिया है.**

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का निराकरण न करने तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करने पर नोटिस दिया है. नोटिस का तीन दिवस में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी. जारी अलग-अलग नोटिस के अनुसार कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, एसडीएम त्योंथर पीएस त्रिपाठी, एसडीएम जवा पीयूष भट्ट, एसडीएम मनगवां संजय जैन, एसडीएम गुढ़ अनुराग तिवारी तथा एसडीएम सिरमौर पीके पाण्डेय को नोटिस दिया है. कलेक्टर ने तहसीलदार सिरमौर अनुपम पाण्डेय, तहसीलदार गुढ़ अरूण यादव, तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला, तहसीलदार हुजूर ग्रामीण विन्ध्या मिश्रा, तहसीलदार सेमरिया अर्जुन बेलवंशी, तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान विनयमूर्ति शर्मा, तहसीलदार मनगवां आंचल अग्रहरी, तहसीलदार जवा जीतेन्द्र तिवारी तथा तहसीलदार त्योंथर राजेन्द्र शुक्ला को नोटिस दिया है. कलेक्टर ने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरिश्चन्द्र द्विवेदी सिरमौर, प्रवीण बसोड़ त्योंथर, सुलभ सिंह कुसाम जवा, संजय सिंह रायपुर कर्चुलियान, श्रीमती पूनम दुबे रीवा तथा श्रीमती प्राची चौबे गंगेव को भी नोटिस दिया है.

कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री जल संसाधन मनोज तिवारी, कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग नितिन पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला तथा जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश टाण्डेकर को भी नोटिस दिया है. कलेक्टर ने उपायुक्त सहकारिता ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, श्रम अधिकारी प्रिया अग्रवाल, प्राचार्य ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय श्रीमती अर्पिता अवस्थी, सहायक संचालक पिछड़ावर्ग श्रीमती सुमन द्विवेदी, अधीक्षण यंत्री ऊर्जा विभाग बृजेश शुक्ला, जिला संयोजक अनुसूचित जाति कल्याण विभाग कमलेश्वर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा आदि शामिल है.

# भाईयों की कलाई में बहने बांधेंगी आज प्यार का धागा

## भद्रा का नहीं रहेगा साया, रक्षाबंधन में सौभाग्य और सर्वार्थ सिद्धि का योग, बाजार रहा गुलजार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 अगस्त, भाई बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षा बंधन हर्षोल्लास के साथ जिले भर में मनाया जायेगा. शुभ मुहूर्त में बहने भाईयो के कलाई में प्रेम का धागा बांधेगी और भाईयो के सुख समृद्धि के साथ लम्बी उम्र की कामना करेगी. हर साल पवित्र श्रावण मास की पूर्णिमा को रक्षा बंधन मनाया जाता है. राखी के इस त्यौहार को लेकर शुक्रवार को बाजार गुलजार रहा.**

शहर की सड़को पर जाम की स्थित बन रही और राखी सहित मिठाई की दुकानो में भीड़ देखने को मिली. देर रात तक बाजार में खरीददारी करते लोग देखे गये. राखी के दुकान में ज्यादातर बहनो की भीड़ रही. इस बार दस रूपये लेकर हजार रूपये तक की राखियां बिकी. राखी का शुभ मुहूर्त शनिवार की सुबह 5.47 बजे से लेकर दोपहर 1.24 बजे तक रहेगा. इस बार रक्षा बंधन के पर्व पर भद्रा का साया नही रहेगा. रक्षा बंधन पर भद्रा न लगने का संयोग पूरे 4 साल बाद बन रहा है.



**केन्द्रीय जेल में मुलाकात की विशेष सुविधा** -जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वर्षों की भाँति इस वर्ष भी रक्षा बंधन पर्व पर केन्द्रीय जेल रीवा एवं रीवा सर्किल के अंतर्गत आने वाली जेलों में परिरुद्ध बंदियों को उनकी बहनों द्वारा राखी बांधने की विशेष व्यवस्था की गई है. भाई बहन के पर्व को दृष्टिगत रखते हुए मुलाकात पंजीयन सुबह 07:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक होगा . बहनों को फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा. मुलाकात हेतु पृथक-पृथक काउन्टर बनाये गये हैं. मुलाकात में दिक्कत न हो, इसका विशेष ध्यान रखा गया है.

### मिठाई की दुकानों में खरीददारी के लिए उमड़ी भीड़

रक्षा बंधन के एक दिन पूर्व खरीददारी के लिये बाजार में भीड़ उमड़ पड़ी. सबसे ज्यादा मिठाई की दुकानो में भीड़ देखने को मिली. शहर के मिठाई दुकानो में सुबह कम भीड़ थी और दोपहर के बाद तेजी से भीड़ बढ़ी. कई दुकानो में तो पैर रखने तक की जगह नही थी. छोटी-बड़ी सभी दुकानो में खरीददारी के लिये लोगो की भीड़ लगी थी. मार्तण्ड काम्प्लेक्स स्थित गोप स्वीट्स में मिठाई के लिये लोगो की भीड़ लगी रही. क्षेत्रीय एवं अन्य प्रसिद्ध मिठाईयो की जमकर बिक्री हुई. कई ऐसी मिठाईयां है जिसे रीवा में लोग ज्यादा पसंद करते है उनकी सबसे ज्यादा बिक्री हुई. दोपहर बाद तेजी से भीड़ बढ़ी और रात 11 बजे तक ग्राहक दुकान में लगे रहे. संचालक रवि ठारवानी, नितेश ठारवानी ने बताया कि इस बार रखी पर मिठाईयो की बिक्री अच्छी रही, लोगो ने खरीददारी की. कई तरह की मिठाईयां हमारे यहा थी जो लोगो की विशेष पसंद है. बकलावा, गेवर सहित कई बाहर की मिठाईयां भी ग्राहको को पसंद आई, जिसकी अच्छी बिक्री हुई है. उन्होने बताया कि हम स्वाद के साथ गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते है और ग्राहको की पसंद का ख्याल भी रखते है.

## जिले की दो लाख 92 हजार 917 महिलाओं को मिली लाड़ली बहना की राशि

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 अगस्त, रीवा जिले की दो लाख 92 हजार 917 महिलाओं को लाड़ली बहना योजना की अगस्त माह की राशि मिली है.**

लाड़ली बहनों को मासिक आर्थिक सहायता की 36 करोड़ 12 लाख पाँच सौ रुपए तथा रक्षाबंधन के पर्व पर विशेष आर्थिक सहायता सात करोड़ 31 लाख 60 हजार रुपए की राशि उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की गई है. गत दिवस मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़ में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में लाड़ली बहनों को योजना की राशि उनके खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से हस्तांतरित की. जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास नयन सिंह ने बताया कि योजना अंतर्गत लाभार्थी महिलाओं को रक्षाबंधन पर्व पर 250 रूपये की विशेष आर्थिक सहायता एवं माह अगस्त 2025 की मासिक आर्थिक सहायता राशि का वितरण किया गया. कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिले के समस्त ग्राम, ग्राम पंचायत एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के हितग्राही महिलाओं को दिखाया गया. जिले अंतर्गत समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों में परियोजना अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के निर्देशन एवं उपस्थिति में योजना से संबंधित लाभार्थी महिलाओं द्वारा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया.

## फर्जी रसीद से वसूली करते युवक को ठेकेदार ने पकड़ा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 अगस्त, शहर के अंदर नगर निगम द्वारा अधिकृत ठेकेदार द्वारा टैम्पो-टैक्सी एवं व्यवसायिक वाहनो से वसूली की जाती है.**

लेकिन ठेकेदार के आड़ में फर्जी तरीके से रसीद बनाकर अवैध वसूली किये जाने का मामला सामने आया है. सिविल लाइन थाना अन्तर्गत रेलवे ओवर ब्रिज के पास एक युवक को फर्जी रसीद के साथ वसूली करते हुए ठेकेदार ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया है. बतादें कि इसके पूर्व भी ठेकेदार द्वारा समान थाना एवं अन्य थानो में लिखित शिकायत कर बताया था कि कई लोग फर्जी रसीद से अवैध वसूली कर रहे है. लगातार मिल रही शिकायत के बाद अधिकृत ठेकेदार मेसर्स एस.डी ग्रुप्स एण्ड एजेंसी के शुभम कुमार द्विवेदी लगातार शिकायत पर शहर का भ्रमण कर रहे थे. गुरूवार की रात जानकारी मिली कि पड़रा रेलवे ओवर ब्रिज के पास कुछ युवक अवैध वसूली कर रहे है. मौके पर जब पहुंचे तो एक युवक जिसकी पहचान दुर्गेश सोनी निवासी तरहटी के रूप में की गई है. जिसके द्वारा फर्जी रसीद के माध्यम से वसूली की जा रही थी. जिसे पकड़ कर पुलिस के हवाले किया गया. इसी तरह अन्य युवक है जो शहर के अलग-अलग हिस्सो में ठेकेदार की आड़ में फर्जी रसीद के सहारे अवैध वसूली कर रहे है. सिविल लाइन पुलिस का कहना है कि नगर निगम द्वारा मामले की जानकारी दी गई है, जांच की जायेगी. जो तथ्य सामने आएगे उसके आधार पर कार्यवाही होगी.

उल्लेखनीय है कि अभी हाल ही में नगर निगम के राजस्व उपायुक्त द्वारा थाने में अवैध वसूली को लेकर शिकायत पत्र देकर कार्यवाही की मांग की थी. जिसके बाद अधिकृत ठेकेदार द्वारा अवैध वसूली करने वालो को रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनाई और सूत्रो से मिली सूचना पर युवक को रंगे हाथ पकड़ा और पूरी जानकारी नगर निगम के अधिकारियों को दी.

## संक्षिप्त

### प्रशस्ति पत्र के लिए नाम 12 तक भेजें : गुर्जर

**रीवा, 8 अगस्त,** स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह 15 अगस्त को सुबह 9 बजे से एसएएफ मैदान रीवा में आरंभ होगा. समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण करके परेड की सलामी ली जाएगी. समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा. इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने कहा है कि सभी कार्यालय प्रमुख स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित किए जाने वाले शासकीय सेवकों के प्रस्ताव 12 अगस्त को शाम 5 बजे तक जिला पंचायत कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर दें. प्रस्तावों में अधिकारी और कर्मचारी द्वारा किए गए विशिष्ट कार्यों और उपलब्धियों का उल्लेख करें. यदि किसी व्यक्ति को शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर विभागीय जाँच अथवा अन्य दण्ड दिए गए हैं तो उनके नाम प्रस्तावित न करें. निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा.

### प्रशिक्षण 11 से 14 तक भोपाल में

**रीवा, 8 अगस्त,** भारत सरकार के जनातीय कार्य मंत्रालय के तहत मिशन कर्मयोगी योजना क्रियान्वित की जा रही है. जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण भोपाल में आयोजित किया जा रहा है. रीवा जिले के मास्टर ट्रेनरों को 11 से 14 अगस्त तक भोपाल में होटल रिजेंटा में प्रशिक्षण दिया जाएगा. इस संबंध में जिला संयोजक कमलेश्वर सिंह ने बताया कि सभी मास्टर ट्रेनरों को चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है. चयनित प्रशिक्षक प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें. इन मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद जिले के 8 विकासखण्डों के 424 गांवों में प्रशिक्षण दिया जाएगा.



### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन सौंपेगा मांगों का ज्ञापन

**रीवा, 8 अगस्त,** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन म.प्र. जिला इकाई रीवा के कार्यकारिणी की बैठक 8 अगस्त को संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड रीवा में वीरेन्द्र कुमार तिवारी अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उपप्रान्ताध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक में श्री तिवारी द्वारा उपस्थित सदस्यों को सम्बोधित करते हुए जानकारी दी गई कि प्रान्तीय निकाय भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिला एवं तहसील मुख्यालयों में एक साथ 11 एवं 25 अगस्त को 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन संसद एवं विधायको के माध्यम से उनके अनुशंसा के साथ उनका समर्थन प्राप्त कर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को सौपा जाना है. बैठक में नरेश द्विवेदी, रामपाल शुक्ल, उमाकान्त तिवारी, यदुवीर द्विवेदी, रामगोपाल मिश्र, राजकिशोर तिवारी, इन्द्रभान साहू, उर्मिल प्रसाद उपाध्याय, नागेन्द्र प्रसाद शुक्ल, मो. न्याजुल्ला खांन, लालमन नापित, यज्ञसेन पटेल, मधुमर्दन प्रसाद मिश्र गुढ़, हरप्रसाद वर्मा, विश्वनाथ सोधिया, हरिहर प्रसाद सोनी, राजमणि जयसवाल, जानकी प्रसाद वर्मा, रामसखा पटेल, कमला प्रसाद साकेत, आदि उपस्थित रहे.

### सात दिवसीय भागवत कथा 13 से

**रीवा, 8 अगस्त,** वृन्दावन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर फोगला आश्रम, श्रीधाम वृन्दावन में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य एवं दिव्य आयोजन 13 अगस्त से 19 अगस्त तक संपन्न होगा. यह आयोजन श्रद्धालुओं के आध्यात्मिक उत्थान और धार्मिक वातावरण के सृजन के उद्देश्य से किया जा रहा है. कथा का वाचन कथा व्यास पं. बाला व्यंकटेश शास्त्री द्वारा किया जाएगा. प्रतिदिन कथा का प्रारंभ मंगलाचरण और भजन-कीर्तन से होगा, जिसके पश्चात् भागवत कथा का रसपान श्रद्धालुजन कर सकेंगे. श्रीमती अवधेश शुक्ल, डॉ. संध्या शुक्ला, श्रीमती साधना - डॉ. देवेश शुक्ल, डॉ. वंदना - प्रो. राजनिवास शर्मा, डॉ. गायत्री - प्रो. अखिलेश शुक्ल, डॉ. आरती - इंजी. संतोष तिवारी सभी से पहुंचने की अपील की है.

## पंचायत उन्नति सूचकांक का विमोचन 12 को

**रीवा, 8 अगस्त,** देश में पंचायतों के समग्र विकास के प्रदर्शन मापक के रूप में पंचायत उन्नति सूचकांक का क्रियान्वयन किया जा रहा है. जिला पंचायत रीवा के सभागार में 12 अगस्त को दोपहर 12 बजे जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा. इस अवसर पर पंचायत उन्नति सूचकांक अन्तर्गत 9 थीमों में सर्वोच्च रैंकिंग अनुसार जिले की 10 ग्राम पंचायतों के पुरस्कृत किया जायेगा. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने उक्त आशय की जानकारी दी.

## स्टाम्प ड्यूटी बढ़ोत्तरी आम आदमी की कमर तोड़ने का फरमान : शर्मा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 अगस्त, अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को लाभांवित करने के दावे करने वाली प्रदेश की भाजपा सरकार प्रदेश में चार गुना स्टाम्प ड्यूटी वृद्धि कर आम आदमी की आर्थिक रूप से कमर तोड़ने का काम कर रही है.**

सरकार यह निर्णय तुगलकी निर्णय है. प्रदेश के इतिहास में सबसे बड़ी स्टाम्प शुल्क वृद्धि है, जिसका कांग्रेस पूरजोर विरोध करती है. यह आरोप कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता विनोद शर्मा ने लगाते हुए कहा की एक तरफ भाजपा की सरकार गरीब और मध्यमवर्गी परिवारों के लिए हितग्राही मूलक योजनाओं के संचालक का दावा करती है, दूसरी तरफ चार गुना स्टाम्प ड्यूटी बढाकर जनता पर भारी आर्थिक बोझ डालने की तैयारी कर रही है. श्री शर्मा ने कहा कि चार गुना स्टाम्प ड्यूटी बढने सरकारी दस्तावेजों की कागजी खानापूर्ति आम आदमी की जेब पर भारी पड़ेगी. सरकार के इस निर्णय से शपथ पत्र,अनुबंध लेख और पावर ऑफ अटार्नी जैसे दस्तावेजों पर लगने वाले स्टांप शुल्क में भारी वृद्धि हो जाएगी.

आरोप लगाते हुए उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार अपना खजाना भरने के लिए नए स्त्रोत तो तैयार नहीं कर पा रही है, लेकिन चार गुना स्टाम्प ड्यूटी बढा कर जनता की जेब पर प्रहार कर रही है. स्टाम्प शुल्क में वृद्धि से छात्रों, अभिभावकों, छोटे व्यापारियों से लेकर सरकारी योजनाओं के हितग्राहियों पर भार पड़ेगा.

## मुख्यमंत्री ने मऊगंज के आपदा पीड़ित से किया संवाद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 अगस्त, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश भर के प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को वर्चुअल माध्यम से 30 करोड़ रुपए की राहत राशि जारी की. रीवा कलेक्ट्रेट एनआईसी कक्ष में विधायक और अधिकारी मौजूद रहे.**



मुख्यमंत्री वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आपदा पीड़ितों से संवाद किया. मुख्यमंत्री ने मऊगंज जिले के ग्राम ढावा तिवरियान के आपदा पीड़ित राधेश्याम साकेत से संवाद किया. श्री साकेत ने बताया कि 16 और 17 जुलाई को लगातार बारिश से गांव में बाढ़ की स्थिति निर्मित हुई. जिससे 50 से अधिक कच्चे मकान गिर गए. प्रशासन ने पीड़ितों को शिविर में रखकर नि:शुल्क भोजन, पानी और उपचार की सुविधा दी. मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान कभी-कभी हम सबकी परीक्षा लेते हैं. अतिवृष्टि से बाढ़ के कारण हम सब पर संकट आया. संकट की इस घड़ी में सरकार आमजनता के साथ है. वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से शामिल संजय कुमार जैन ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों को शासकीय स्कूल में बनाए गए राहत शिविर में रखा गया.

## हर घर तिरंगा अभियान में निकाली गई तिरंगा यात्रा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 अगस्त, जिले भर में हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियाँ की जा रही हैं. आमजनता की अभियान में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं.**

इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि जनपद पंचायत रीवा, जनपद पंचायत गंगेव तथा मऊगंज जिले की नईगढ़ी जनपद पंचायत में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली निकाली गई. विद्यार्थियों ने भी तिरंगे के साथ रैली निकालकर हर घर तिरंगा अभियान का संदेश दिया. कंदैला स्कूल के विद्यार्थियों ने भी तिरंगा रैली निकाली. सभी जनपद पंचायतों और ग्राम पंचायतों में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है.

## शासन की बैंकिंग योजनाओं की दी गई जानकारी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 अगस्त, वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के अंतर्गत एक वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत सगरा में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के तत्वाधान में किया गया.**

शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी बैंकिंग योजनाओं, सुरक्षा योजनाओं और डिजिटल सशक्तिकरण की विस्तृत जानकारी दी गई. नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने अपने संबोधन में गाँव की पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक वित्तीय सेवाएँ पहुँचाने के महत्व को रेखांकित किया और इस कार्य में प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन दिया और डिजिटल फ्रॉड से बचाव, केवाईसी अपडेट, नामिनी नामांकन और बैंकिंग से जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तार से जानकारी दी और जनता से जागरूक और सतर्क रहने का आग्रह किया.

क्षेत्र प्रमुख अजय खरे ने वित्तीय समावेशन के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्रत्येक नागरिक तक पहुँचाने की बात कही.

## कम वसूली पर सहायक निरीक्षकों की रोकी गई वेतनवृद्धि

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 अगस्त, नगर निगम आयुक्त डा0 सौरभ सोनवणे ने राजस्व, जलकर सहित विभिन्न विभागो की समीक्षा की. 50 प्रतिशत से कम राजस्व वसूली होने पर निरीक्षको की एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिये है. वही वार्ड प्रभारी को नोटिस दी गई है.**

बैठक के दौरान साप्ताहिक लक्ष्य के अनुरूप 50 प्रतिशत से कम वसूली करने वाले सहायक राजस्व निरीक्षकों की एक वेतन वृद्धि रोके जाने के निर्देश दिए.



वार्ड 12 के वार्ड प्रभारी का कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिए. साथ ही बड़े बकायादारों को तत्काल नोटिस जारी कर राशि जमा कराये जाने एवं जिन बडे बकायादारो द्वारा राशि जमा नही की जाती है उन पर सितम्बर माह से कुर्की कराये जाने के निर्देश दिए. उपराजस्व निरीक्षक सुधांशू विश्वकर्मा द्वारा बैठक में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. आवासीय भवनों के सम्पत्तिकर एवं जलकर वसूली की समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए.

बैठक मे आउटडोर मीडिया पर चर्चा करते हुये शहर में बिना अनुमति के लगाये गये होर्डिंग, बैनर पर आउटडोर मीडिया विज्ञापन 2017 के तहत वैधानिक कार्यवाही के निर्देश दिए. बैठक में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, सहायक आयुक्त शीतल भलावी, रामनरेश तिवारी मौजूद रहे.

## मऊगंज जिला गठन के दो वर्ष होने पर जिला महोत्सव होगा

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 8 अगस्त, मऊगंज जिले के गठन के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिला विकास संघर्ष परिषद् मऊगंज द्वारा वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 16 अगस्त को जिला महोत्सव का आयोजन हनुमना नगर परिषद् के अधीन प्राचीन हनुमान मंदिर हनुमना में किया गया है.**



जिला महोत्सव आयोजन के मुख्य अतिथि राजेन्द्र शुक्ल उप मुख्यमंत्री होंगे. आयोजन की अध्यक्षता रीवा सांसद जनार्दन मिश्र करेंगे. समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक देवतालाब गिरीश गौतम व मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल शामिल रहेंगे. उक्त आशय की जानकारी देते हुये जिला विकास संघर्ष परिषद् के संयोजक अधिवक्ता संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि, समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के द्वारा मऊगंज जिले के जिला अस्पताल भवन को प्रदत्त किये गये 40 करोड़ रू. व अन्य बड़ी विकास योजनाओं के लिए पहल करने के परिपेक्ष्य में मुख्य अतिथि का नागरिक अभिनंदन किया जायेगा. साथ ही अन्य अतिथियों का भी जिला महोत्सव के समारोह में उनके जनहित के परिपेक्ष्य में किये गये कार्यों के लिए अभिनंदन किया जायेगा. जिला महोत्सव आयोजन के लिए 21 सदस्यीय आयोजन समिति का गठन किया गया है.

### छात्रों ने दिया स्वच्छता का संदेश

**रीवा, 8 अगस्त,** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' अभियान अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत 08 अगस्त को देशभक्ति और स्वच्छता जागरूकता से जुड़ी विविध गतिविधियाँ शहर के कई विद्यालयों में आयोजित की गई. जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता का संदेश देने रंगोली बनाई.